बुधवार

10 जनवरी 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




पेंडिंग केस की संख्या को हर हाल में ढाई गुणा से कम करें

2



रेलवे में नौकरी के बदले जमीन का मामला

## ईडी ने कोर्ट में दाखिल की चार्जशीट राबड़ी देवी और मीसा का भी नाम

**केटी न्यूज/पटना**

ईडी ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अपनी पहली चार्जशीट राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी सांसद बेटी मीसा भारती, हेमा यादव का नाम है। हृदयानंद चौधरी को भी आरोपी बनाया गया है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी अमित कात्याल समेत कुछ अन्य लोगों और कंपनियों के नाम भी चार्जशीट में हैं। ये चार्जशीट दिल्ली में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम की एक स्पेशल कोर्ट में पेश की गई है। इस केस में सुनवाई की तारीख 16 जनवरी को तय की गई है।

लालू प्रसाद यादव के परिवार से जुड़े माने जाने वाले अमित कात्याल को ईडी ने पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था। वहीं आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद, उनके छोटे बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को एजेंसी ने समन किया है।

# स्टार्टअप कंपनी की सीईओ ने अपने चार साल के बेटे की कर दी हत्या

- पति से अलगाव ने मां को बना दिया बेटे का हत्यारा
- वह नहीं चाहती थी कि उसका बेटा अपने पिता से मिले

**एजेंसी/पणजी**

गोवा से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने अपने ही चार साल के बेटे को मौत के घाट उतार दिया। बंगलूरू में एक स्टार्टअप कंपनी की सीईओ सूचना सेठ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने अपने ही चार साल के बेटे की हत्या कर दी। फिर बैग में बच्चे के शव को लेकर कैब से भागने की कोशिश कर रही



थी, इस दौरान उसको पकड़ लिया गया। सूचना सेठ ने शनिवार को उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक लग्जरी अपार्टमेंट में चेक इन किया और सोमवार सुबह चेक आउट किया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी की कामयाब सीईओ सूचना सेठ एआई और डेटा साइंस में एक्सपर्ट है। उसके पास 11 साल से अधिक का एक्सपीरियंस है। मंगलवार को जब यह खबर सामने आई कि 39 साल की सूचना को उनके बेटे के शव के साथ पकड़ा गया है तो सभी लोग हैरान रह गए। लोगों को यकीन नहीं हो रहा था कि आखिर इतनी कामयाब महिला अपने ही बेटे को बेंगलुरु से गोवा ले जाकर उसकी हत्या क्यों करेगी? रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने सूचना को तब गिरफ्तार किया जब वह बेटे के शव को बैग में रखकर कैब से भागने की कोशिश कर रही थीं। पूरे देश भर में इस हत्याकांड की चर्चा हो रही है। सूचना पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। उसकी शादी 2010 में हुई थी। पति केरल का रहने वाला है। शादी के बाद 2019 में उनका एक बेटा हुआ। अब तक सब ठीक था। हालांकि इसके बाद पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा। बात इतनी बढ़ी की मामला कोर्ट तक जा पहुंचा। इसके बाद दोनों का तलाक हो गया था। बेटे की कस्टडी सूचना को मिली। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि बेटा सप्ताह में एक बार रविवार को अपने पिता से भी मिल सकेगा। यही बात सूचना को पसंद नहीं आई। इस कारण वह परेशान रहने लगी। वह हर वक्त इसी टेंशन में रहती कि उसके बेटे को पिता से मिलने से कैसे रोका जाए। वह किसी भी कीमत पर यह नहीं चाहती थी कि उसका बेटा अपने पिता से मिले। इसलिए उसने एक खतरनाक योजना बनाई।

पुलिस की पूछताछ में सूचना ने बताया कि उसने अपने बेटे की हत्या क्यों की? उसने कहा कि वह नहीं चाहती थी कि उसका बेटा अपने पिता से मिले मगर कोर्ट के आदेश के कारण वह बेटे को रोक नहीं पा रही थी। इसलिए उसने सोचा कि वह बेटे को ही मार डालेगी। इससे उसका पूर्व पति उसके बेटे से नहीं मिल पाएगा और उसे कोई टेंशन नहीं रहेगी। सूचना ने बताया कि उसने होटल के अंदर ही अपने बेटे को मारा था। फिलहाल गोवा पुलिस ने सूचना को गिरफ्तार कर 6 दिनों के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

अयोध्या पहुंचे सीएम योगी, विकास कार्यों का लिया जायजा, बोले...

# स्वच्छ व सुंदर नजर आए रामनगरी स्वच्छता का कुंभ मॉडल लागू करें

- सीएम योगी बोले- श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या के मद्देनजर समय से करा लिए जाएं हर काम
- कुबेर टीला, जलकल भवन, दिगम्बर अखाड़ा भी पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**

2024 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पहला अयोध्या दौरा भी विकास और स्वच्छता को ही समर्पित रहा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि रामनगरी स्वच्छतम व सुंदरतम नजर आए। यहां भी स्वच्छ्ता का कुंभ मॉडल लागू करें। सड़कों भी कहीं भी धूल उड़ती न दिखे, शौचालयों की प्रतिदिन सफाई हो। मंगलवार को यहां उन्होंने विकास कार्यों की हकीकत देखी। बारीकी से कार्यों का निरीक्षण किया और साधु-संतों का हाल चाल भी जाना। मुख्यमंत्री कुबेर टीला भी गए, जहां जटायु को नमन किया। वहीं विकास कार्यों को लेकर अफसरों को निर्देश दिया कि 22 जनवरी के बाद यहां श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। लिहाजा हर काम गुणवत्तापूर्ण और समय से हो। लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। तीर्थ क्षेत्र पुरम में मुख्यमंत्री को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ट्रस्ट द्वारा विकसित टेंट सिटी का भ्रमण कराकर व्यवस्थाओं से अवगत कराया। यहां महंत अवेद्यनाथ जी नगर, ओंकार भावे नगर, वामदेव जी महाराज नगर सहित सभी नगरों में भ्रमण कर व्यवस्था देखी और कहा कि साफ-सफाई को शीर्ष प्राथमिकता दें। कुंभ जैसी स्वच्छ्ता व्यवस्था हो।

**नगर निगम की टेंट सिटी का भी किया निरीक्षण:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम द्वारा बनाई जा रही टेंट सिटी का अवलोकन किया। 22 जनवरी के बाद रामनगरी में आने वाले दर्शनार्थियों के रहने की व्यवस्था के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात के मौसम में यहां दिक्कत न हो, इसका ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि यहां चौखट थोड़ा ऊंचा कराया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला/पुरुष शौचालयों की नियमित साफ सफाई हो, किसी प्रकार की दुर्व्यवस्था न हो।



### रामलला व हनुमानगढ़ी मंदिर में किया दर्शन-पूजन

नए साल में रामनगरी की पहली यात्रा पर मंगलवार को आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे पहले हनुमानगढ़ी गए। यहां उन्होंने दर्शन-पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री रामलला के दरबार में गए और शीश नवाया। सीएम ने यहां प्रदेशवासियों के सुखी-स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। इसके पहले मुख्यमंत्री ने 29 दिसंबर को यहां पूजन-अर्चन किया था। गौरतलब है कि नए साल में सीएम की रामनगरी की पहली यात्रा भी विकास पर ही फोकस है। दर्शन-पूजन के उपरांत सीएम ने विकास से जुड़ी योजनाओं-परियोजनाओं का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने राममंदिर से जुड़े कार्यों का अवलोकन भी किया।

### नगर निगम जलकल भवन पहुंचे मुख्यमंत्री

संकटमोचन हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री कुबेर टीला गए, यहां जटायु जी को नमन किया। यहां से मुख्यमंत्री नगर निगम जलकल भवन बेनीगंज अमानीगंज का निरीक्षण किया। यहां मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों को देखा। अफसरों से कहा कि ऐसा कार्य करें कि अयोध्या स्वच्छतम और सुंदरतम नगरी दिखे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ्ता का कुंभ मॉडल लागू करें।

### पंचवटी आश्रम में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचवटी आश्रम का भी जायजा लिया। यहां मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि साफ-सफाई अच्छी हो। गर्म पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। गद्दे-कंबल साफ हों। यहां तैनात किए जाने वाले लोग रहने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें। सेवा भाव के साथ काम करें। ऐसी व्यवस्था और व्यवहार रखें कि यहां आनेवाले लोग लंबे समय तक खातिरदारी को जेहन में रखें।

### महंत नृत्य गोपाल दास का जाना कुशलक्षेम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मणिराम दास छावनी में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से भेंट-वार्ता की। उनका कुशलक्षेम जाना। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर उनसे चर्चा भी की। मुख्यमंत्री दिगम्बर अखाड़ा भी गए। गोरक्षपीठ से अखाड़ा के काफी पुराने सम्बंध हैं।

## हिंदुओं और सनातन को अपमानित करना इंडी गठबंधन का मुख्य एजेंडा: गिरिराज सिंह

**मुजफ्फरपुर।** केंद्रीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह मुजफ्फरपुर पहुंचे। इस दौरान गिरिराज सिंह सनातन धर्म को कोसने वाले नेताओं पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत देश में कुछ नेता माहौल को बिगड़ने के लिए लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। बिहार के शिक्षा मंत्री के विवादित बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब सूबे के उपमुख्यमंत्री खुद जब राम मंदिर पर सवाल खड़े कर रहे हैं। तब उनके मंत्रियों से भला क्या अपेक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत सनातन धर्म पर हमला किया जा रहा है। मंत्री गिरिराज सिंह ने मौजूदा इंडी गठबंधन को घमंडियां गठबंधन करार दिया है। हिंदुओं और सनातन को अपमानित करना इंडी गठबंधन का मुख्य एजेंडा बन गया है। इसके नेता पानी पी-पीकर हिंदुओं को गाली दे रहे हैं। लेकिन देश की जनता सब कुछ देख रही है। देश की जनता ऐसी ताकतों को आगामी लोकसभा चुनाव में करारा जवाब देगी।

वहीं बेगूसराय में गिरिराज सिंह ने राम मंदिर और अक्षत वितरण पर लगातार जदयू और राजद के मंत्रियों के सवाल पर पलटवार किया है। उन्होंने राहुल गांधी की न्याय यात्रा और इंडी गठबंधन सीट बंटवारे पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी न्याय यात्रा के नाम पर ज्ञान लेने चले हैं। यह बिहार की धरती ज्ञान की धरती है, अगर झुककर ज्ञान मांगेंगे तो ज्ञान मिलेगा, नहीं मांगेंगे तो बिना ज्ञान के चले जाएंगे। गिरिराज सिंह ने कहा कि देश और बिहार में जो राम भक्त हैं, वह सभी लोगों को और सभी राम भक्तों को अक्षत देकर निमंत्रित कर रहे हैं कि 22 जनवरी को दीपावली मनाएं। रामलाल के दर्शन करने अयोध्या जाएं। जिनको बुरा लगता है लगे। गाली देना बड़ा आसान है, लेकिन कोई व्यक्ति मुस्लिम धर्म को गाली नहीं दे सकता है। क्योंकि हिंदू लिबरल और सहिष्णु होता है।

## 16 से कम सीटों पर समझौता नहीं करेगी जदयू: विजय चौधरी

- बिहार सरकार के मंत्री ने प्रेस से बातचीत में जाहिर की मंशा
- बोले जदयू बिना किसी वजह के कुछ नहीं बोलती है

**केटी न्यूज/पटना**

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। कई घटक दलों ने सीटों को लेकर अपनी मंशा भी साफ कर दी है। जदयू तो बीते कुछ दिनों से खुलकर बोल रही है कि वह 16 सीटों से कम पर समझौता नहीं करेंगे। पहले केसी त्यागी ने कहा कि वह समझौते के लिए तैयार नहीं हैं और अब मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि हमारे 16 सांसद वर्तमान में हैं और यह कोई अचानक नहीं हुआ है।

मंत्री विजय चौधरी ने मंगलवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक बार इशारों-इशारों में साफ कर दिया कि जदयू 16 सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दल यूनाइटेड बिना वजह कुछ नहीं बोलती है। ना ही कुछ भी अचानक सोचा गया है। सबकुछ पहले ही तय है। मंत्री विजय चौधरी ने एक बार फिर दोहराया कि सीट शेयरिंग पर जल्द से जल्द बात होनी चाहिए।


### सीटों के बंटवारों में अब देर करना उचित नहीं

विजय चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा कि जदयू का गठबंधन आरजेडी के साथ है। वहीं, आरजेडी का कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठबंधन है। विजय चौधरी ने कहा कि पिछली बार हम 17 सीटों पर लड़े थे तो 16 अभी हम लोगों के वर्तमान सांसद हैं। इसमें कहां कोई नई बात है। ना ही कोई बात अचानक की गई है। ये तो पांच साल पुरानी बात है। उन्होंने आगे कहा, उसके पहले हम लोग एनडीए में थे... तभी राजद का कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठबंधन था। वो लोग साथ में आए हैं। विजय चौधरी ने यह भी कहा कि सीटों के बंटवारों में अब देर करना उचित नहीं है। अगर सीटों के बंटवारे में और देरी की गई तो इससे इंडी गठबंधन को नुकसान होगा।

## नरेंद्र मोदी बम ब्लास्ट कराने के एक्सपर्ट हैं: विधायक गोपाल मंडल

**पटना।** कभी पत्रकारों को गाली देने, कभी अस्पताल में रिवॉल्वर चमकाने तो कभी जमीन कब्जा करने के मामले में चर्चा में रहने वाले जेडीयू के विधायक गोपाल मंडल ने फिर से नये विवाद को खड़ा किया है। नीतीश कुमार के विधायक गोपाल मंडल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बम विस्फोट कराने के एक्सपर्ट हैं। वे अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के समय भी ब्लास्ट करा सकते हैं।

भागलपुर में पत्रकारों से बात करते हुए विधायक गोपाल मंडल ने कहा- पटना में जब रैली हुआ था तो बम ब्लास्ट करवा दिया। बम ब्लास्ट तो नरेंद्र मोदी करवाते हैं। वे कुछ भी करवा सकते हैं। पटना में संत लोग थे, धमार्थी थे, वहां बम विस्फोट हो गया। ऐसा काम नरेंद्र मोदी करते हैं। गोपाल मंडल ने कहा कि बम विस्फोट कराने वाले नरेंद्र मोदी बड़े लोग हैं, हम छोटे लोग हैं। हो सकता है कि मेरे बयान के बाद वे नीतीश कुमार को ये कह दें कि मेरा टिकट काट दें। इसलिए हम तो जानते हैं सबकुछ। लेकिन अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के समय कुछ भी हो सकता है।



10.2 किमी में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर गिनीज बुक में दर्ज होगा अयोध्या

# अयोध्या में बन रही दुनिया की सबसे बड़ी सोलर स्ट्रीट लाइट्स लाइन

**केटी न्यूज/अयोध्या**

सूर्यवंश की गौरवशाली राजधानी अब सूर्य की ही आभा से नव्य-भव्य स्वरूप को प्राप्त करने के साथ ही वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अयोध्या को सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार जिस सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है, उसका जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी उल्लेख होने वाला है। सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विशिष्ट कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) जल्द ही 'दुनिया की सबसे बड़ी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन' परियोजना को पूर्ण करके वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहा है। इस परियोजना के तहत 10.15 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही



है। फिलहाल, करीब 70 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है और 22 जनवरी से पहले ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर लिया जाएगा।

अयोध्या का नाम यूं तो दीपोत्सव को लेकर पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, मगर अब अयोध्या में सौर ऊर्जा के जरिए भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी योगी सरकार द्वारा पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी (अयोध्या) प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि 22 जनवरी के पहले ही अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10.2 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है और शेष 30 प्रतिशत कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट तक 310 सोलर लाइट्स को इम्पैनल्ड करके रोलआउट कर दिया गया है। जबकि गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी के स्ट्रेच में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य जारी है। यह सभी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटें एलईडी बेस्ड हैं जो कि 4.4 वॉट पावर पर कार्य करती हैं तथा स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त हैं। इनके इंस्टॉलेशन के जरिए लक्ष्मण घाट से लेकर निर्मली कुंड तक 10.2 किमी का स्ट्रेच दूधिया रोशनी से जगमगा उठेगा।

### सऊदी अरब के मलहम का टूटेगा रिकॉर्ड

योगी सरकार द्वारा सौर ऊर्जा चालित परियोजना के जरिए जिस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की प्रक्रिया के तहत कार्य जारी है वह फिलहाल सऊरी अरब के मलहम के नाम दर्ज है। यहां वर्ष 2021 में 'लॉन्गेस्ट लाइन ऑफ द सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स' के तौर पर गिनीज बुक में रिकॉर्ड कायम किया गया था। मलहम में 9.7 किमी स्ट्रेच में 468 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया गया था, जबकि अब योगी सरकार के विजन अनुसार अयोध्या में 10.2 किमी स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर इस रिकॉर्ड को ध्वस्त किया जाएगा। वर्ष 2023 में दीपावली के वक्त सरयू घाटों पर दीपोत्सव में 22.23 लाख दीपक जलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई थी। ऐसे में, 22 जनवरी को जब प्रभु रामलला का श्रीविग्रह भव्य रामजन्मभूमि मंदिर में सुशोभित होगा, ऐसे में एक बार फिर सूर्यवंश की गौरवगाथा को नया प्रतिमान देते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएगा।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



# ट्रक चालक को गोली मार लूटपाट करनेवाले दो अपराधी गिरफ्तार

- बड़हरा थाना क्षेत्र से सोमवार की रात पकड़े गए दोनों अपराधी, अन्य लुटेरों की तलाश तेज
- अपराधियों के पास से लूटपाट और गोलीबारी में इस्तेमाल एक देसी कट्टा और दो गोली बरामद



**केटी न्यूज/आरा**

आरा-छपरा फोरलेन पर बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हापुर के पास पिछले दिनों ट्रक चालक को गोली मार कर लूटपाट करने का पुलिस ने खुलासा कर दिया। लूटपाट के दौरान चालक के विरोध पर की गयी फायरिंग में एक अपराधी को भी गोली लगी थी। पुलिस ने गोली से जख्मी सहित लूटपाट में शामिल अंतर जिला गिरोह के दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से गोलीबारी में इस्तेमाल देसी कट्टा और दो गोली भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार लुटेरों में बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हारमपुर गांव निवासी रंजन कुमार उर्फ गुंगा और चातर गांव निवासी रवि बिंद शामिल हैं। इनमें एक को लूटपाट के दौरान गोली भी लगी थी। दोनों के खिलाफ भोजपुर के अलावा पटना और छपरा में लूटपाट के मामले दर्ज हैं। पूछताछ में दोनों द्वारा लूट में शामिल होने की बात स्वीकार की गयी है और अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए गए हैं। एएसपी चंद्र प्रकाश की ओर से मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि लूटपाट की घटना के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से एक विशेष टीम गठित की गयी थी। उसमें शामिल थानाध्यक्ष विजय प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने लोकल इनपुट और तकनीकी जांच के आधार पर अपराधियों की पहचान करते हुए सोमवार की रात एक लुटेरे को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर गोली से जख्मी दूसरे अपराधी को भी बड़हरा इलाके से इलाज कराते समय गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उनमें एक के खिलाफ चार जबकि दूसरे के खिलाफ तीन केस दर्ज हैं।घटना में शामिल अन्य लुटेरों की भी पहचान कर ली गयी है। उनकी गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है।

**जाम के कारण खड़े बालू लदे ट्रक के चालक से की गयी थी लूटपाट:** मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी चालक राकेश सहनी अपने ट्रक के खलासी के साथ 28 दिसंबर की शाम पटना जिले के उदयपुर घाट से बालू लेकर निकला था। आरा छपरा फोरलेन पर बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हारमपुर के समीप जाम के कारण वह ट्रक लेकर खड़ा था। तभी सुबह करीब तीन बजे तीन चार की संख्या में अपराधी पहुंच गए और हथियार का भय दिखाकर केबिन में घुस गये। उसके बाद लूटपाट करने लगे। उस दौरान चालक और खलासी से तीन हजार रुपए छीन लिया गया। मोबाइल छीनने के क्रम में उसने विरोध किया, तो एक अन्य अपराधी द्वारा दो तीन राउंड फायरिंग कर दी गयी। उसमें एक गोली उसके हथेली में लग गयी।

# भाई ने बहन-जीजा व 2 साल की भांजी की गोली मार कर दी हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

भागलपुर में हॉरर किलिंग की वारदात में ट्रिपल मर्डर का सनसनीकेज मामला सामने आया है। जिले के गोपालपुर थाना के नवटोलिया ऑनर किलिंग की घटना हुई है। आरोप है कि प्रेम विवाह से नाराज एक पिता और घर वालों ने अपनी बेटी उसके पति और दो वर्ष की नतिनी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना मंगलवार के संध्या समय की है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी है। एएसपी खुद मौके पर पहुंचे और पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मृतक की पहचान नवटोलिया निवासी चन्दन कुमार चंदू,उसकी पत्नी चांदनी कुमारी और दो वर्ष की पुत्री रोशनी के रूप में हुई।

वर्ष 2021 में चांदनी ने गांव के ही चन्दन कुमार से परिवार के विरुद्ध शादी की थी। इस दौरान लड़का और लड़की दोनों परिवारवालों से दूर रहे। इस बीच मंगलवार को चांदनी अपने पति और बच्ची के साथ कहीं जा रही थी। इसी क्रम में उसकी मुलाकात उसके पिता से हो गयी। चांदनी को देख गुस्से में पिता उससे उलझ गए। यह देख चांदनी का भाई धीरज वहां पहुंचा और बहन,बहनोई व मासूम को गोली मार दी।

## खबरें फटाफट

### जहानाबाद शराब बनाने का वीडियो हो रहा वायरल

**जहानाबाद।** बिहार में शराबबंदी है लेकिन शराब कारोबारी का उद्योग फल फूल रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ शराब कारोबारी शराब का निर्माण कर रहे हैं। यह वीडियो ओकरी ओपी क्षेत्र मंडई गांव के समीप फल्गु नदी के झालास का बताया जा रहा है। जहां व्यापक रूप से शराब का कारोबार चल रहा है। आसपास के लोगों का कहना है कि शराब का कारोबार लगातार जारी है। यहां से शराब निर्माण कर दूसरे जिले में सप्लाई की जा रही है। जिस तरह से शराब कारोबारी द्वारा खुलेआम शराब का कारोबार किया जा रहा है इससे प्रतीत हो रहा है कि शराब कारोबारी में पुलिस प्रशासन का भय समाप्त हो चुका है। आसपास के लोगों का कहना है कि कभी-कभी पुलिस आती है और कुछ शराब भट्टी को ध्वस्त करती है, और चली जाती है लेकिन शराब कारोबारी अपने कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं।

### बिजली का तार टूट खलिहान में गिरा, पुआल जलकर राख

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड के हमीदनगर गांव में मंगलवार की दोपहर अचानक बिजली के हाईवोल्टेज तार टूटकर खलिहान में गिर जाने से आग लग गई।जिससे कई किसानों के हजारों की पुआल जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि हमीदनगर गांव के सड़क के किनारे लगे खलिहान में हाई टेंशन तार अचानक टूट कर गिर गया। जिससे खलिहान में रखे पुआल में आग लग गई। अगलगी की घटना में योगेंद्र पासवान, रामानुज पासवान, कुंती देवी छोटेलाल पासी, विनेश पंडित के खलिहान में रखे हजारों के पुआल जलकर राख हुए हैं। पीड़ित किसानों ने सरकार से आपदा राहत से मिलने वाली सहायता राशि की मांग की है।

## क्राइम मीटिंग में एसपी की ओर से अफसरों को दिया गया टास्क

# विशेष अभियान चलाकर पेंडिंग केस की संख्या को हर हाल में ढाई गुणा से कम करें

- कांडों के निस्तारण को लेकर विशेष अनुसंधान अभियान चलाने का निर्देश
- ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने का भी अफसरों को दिया गया टास्क
- शराब के खिलाफ कार्रवाई में बेहतर करने वाले थानाध्यक्ष होंगे पुरस्कृत



**केटी न्यूज/आरा**

पुलिस अफसरों को पेंडिंग केसों की संख्या को नियंत्रित करते हुए हर हाल में ढाई गुणा से कम करना होगा। उसे विशेष अनुसंधान अभियान चलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव की ओर से क्राइम मीटिंग में यह निर्देश जारी किया गया। उससे पहले एसपी द्वारा दिसंबर के सभी आंकड़ों की समीक्षा की गई। सभी एसडीपीओ के माध्यम से अनुमंडलवार निष्पादित कांड, गिरफ्तारी, कांड पर्यवेक्षक, वारंट, इस्तेहार, कुर्की और प्रभार के लिए लंबित कांडों की समीक्षा की गई। मौके पर एसपी की ओर से डीजीपी के निर्देश के अनुसार लंबित कांडों को नियंत्रित करने को विशेष अनुसंधान अभियान चलाने का टास्क दिया गया। कहा कि पूरे साल की लंबित कांड को प्रतिवेदित कांड की तुलना में ढाई गुना के अंदर लाना होगा। उसे लेकर एसपी की ओर से सभी थानाध्यक्ष, सर्किल इंस्पेक्टर और एसडीपीओ को योजना के तहत प्रति सप्ताह समीक्षा करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अवैध बालू खनन, परिवहन पर नियंत्रण के लिए बेहतर कार्रवाई करने और ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही अवैध शराब के परिवहन और तस्करी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिया गया। एसपी ने बताया कि समीक्षा के दौरान पाया गया कि शराबबंदी के बाद अबतक भोजपुर में 2023 में शराब के खिलाफ सर्वाधिक कार्रवाई और रिकवरी की गई। उसमें बेहतर काम करने वाले थानाध्यक्ष को बधाई दी गई। कहा कि सभी को जल्द पुरस्कृत भी किया जाएगा। क्राइम मीटिंग में एएसपी चंद्रप्रकाश, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह, जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, मुख्यालय डीएसपी विनोद कुमार सिंह और ट्रेनी डीएसपी काजल जायसवाल सहित सभी सर्किल इंस्पेक्टर एवं थानाध्यक्ष शामिल थे।

### बदमाशों को ललकराते हुए वाहन चोरी का प्रयास विफल करने वाले जवान पुरस्कृत

क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी की ओर से रात्रि गश्ती के दौरान बेहतर काम करने वाले दो जवानों को पुरस्कृत भी किया गया है। उनमें नवादा थाने के डीएपी जवान गोपाल कुमार सहित होमगार्ड के एक जवान शामिल हैं। एसपी ने बताया कि नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा इलाके में 7 और 8 जनवरी की रात बदमाशों द्वारा एक चार पहिया वाहन की चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था। तब पैदल गश्ती के डीएपी जवान गोपाल कुमार और होमगार्ड के एक जवान द्वारा चोरों को ललकारने एवं पकड़ने का प्रयास किया गया। जवान की हिम्मत और दिलेरी देख चोर वहां से भाग निकले। जवानों के प्रयास के कारण बदमाश चोरी करने में असफल रहे। जवानों की हिम्मत और बेहतर काम को देखते हुए पुरस्कृत किया गया। इससे स्वस्थ एवं दुरुस्त पुलिस व्यवस्था को बनाते हुए क्षेत्र में बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण और अपराध नियंत्रण सुनिश्चित करने में सफलता मिलेगी।

## एक नजर

### 81वें जयंती के अवसर पर याद किए गए पूर्व विधायक स्व रामशरण यादव

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड के देवकुंड स्थित महाविद्यालय के संथापक सह समाजसेवी नेता एवं गोह विधान सभा के पूर्व विधायक स्व रामशरण यादव के 81 वें जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य मो मोशारफ खान ने किया। कॉलेज परिसर में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्व रामशरण यादव ने पांच बार गोह विधानसभा क्षेत्र का कुशल नेतृत्व दिया। शुरूआत के दौर में सीपीआई का प्रमुख कार्यकर्ता के रूप में क्षेत्र के लोगो को सेवा प्रदान की। विधायक होने के बावजूद भी उनके भीतर जरा सा भी घमंड नाम का चीज नहीं था। वे सभी लोगों से सादगी के साथ मिलते जुलते रहे और गरीब बेसहारा लोगों को हमेशा हर प्रकार से सहायता करते रहे। ऐसे समाजसेवी के विचारो को आज हर कोई को अनुकरण करने की जरूरत है। इस अवसर पर सीपीआई अंचल मंत्री सुरेश प्रसाद यादव, सुमंत कुमारी, पूर्व प्रभारी प्राचार्य भैरवानंद सिंह, रामजन्म यादव, पूर्व निरीक्षक नर्मदेश्वर यादव, बांके बिहारी सिंह, रमेश प्रसाद सिंह, कृष्णनदन यादव, सतेंद्र नारायण, जयंत सिंह, रेणु कुमारी, धनंजय प्रसाद, ममता कुमारी, संगीता कुमारी, परवेज खान, दिनेश सिंह, सुनील यादव, देवानंद घोष व अन्य मौजूद रहे।

### सचिव ने पैनल अधिवक्ताओं के साथ की बैठक, लोक अदालत की तैयारियों पर दिया जोर

**औरंगाबाद।** 09 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकल राम द्वारा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सचिव ने अधिवक्ताओं से सक्रिय भागीदारी और तैयारियों पर चर्चा करते हुऐ, अधिक से अधिक वाद निपटारे पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने सुलहनीय आपराधिक वादों को अपने स्तर से चिन्हित कर निष्पादन करवाने का निर्देश दिया गया। सचिव ने कहा कि लोक अदालत के आयोजन में लगभग 3 माह का समय है और अगर युद्धस्तर पर कार्रवाई शुरू किया गया तो प्राधिकार अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण में पुनः रिकॉर्ड बनाएगा। जिसपर सभी ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### जिला जज अशोक राज बोले... बार और बेंच के सहयोग से वाद निष्पादन में आएगी तेजी



**औरंगाबाद।** सिविल कोर्ट के नए जिला जज के रूप में अशोक राज ने पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त जिला जज को जिला विधिज्ञ संघ के अधिवक्ताओं ने बुके देकर सम्मानित किया। गौरतलब हैं कि नए ज़िला जज सिविल कोर्ट औरंगाबाद में 04 जनवरी 2018 से एडीजे और 25 फरवरी 2022 से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एमपी एमएलए कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश थे। वहीं जनवरी 2023 में पटना हाईकोर्ट ने इनका तबादला मुंगेर ज़िले के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के रूप में किए गए थे। नव नियुक्त जिला जज ने कहा कि बार और बेंच का मधुर संबध से लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी आएंगी। वहीं अधिवक्ताओं से अपील किया है कि कोर्ट को सहयोग करें, लोक अदालत के रिकार्ड वाद निष्पादन में की जा रही बार की ओर से सहयोग बरकरार रखें। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि सिविल कोर्ट के 31वें जिला जज अशोक राज इसके पहले मुंगेर में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश थे। इस मौके पर जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, महासचिव नागेंद्र सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# हाल-बेहाल... दो कमरों में होती है वर्ग पांच तक की पढ़ाई

- प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल
- रसोई घर की छत जर्जर, भोजन बनाने में भी परेशानी



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर में कमरा के अभाव में एक रूम में पहला वर्ग, दूसरा वर्ग व तीसरी वर्ग की पढ़ाई होती है। हालांकि विद्यालय में भवन निर्माण को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा कई बार विभाग को पत्राचार किया गया, लेकिन आज तक स्थिति ज्यो की त्यों बनी हुई है। प्रधानाध्यापक ने बिद्यालय की कमरे की कमी को गिनाते हुए उसके बाद विद्यालय के रसोई घर को दिखाया गया। जर्जर रसोई घर की छत अचानक कभी भी टूटकर गिरने की संभावना बनी रहती है। यहां दो कमरे में ही कार्यालय कार्य से लेकर शिक्षण कार्य भी किया जा रहा है। जिसमे बच्चो को मध्यान भोजन बनाने को लेकर एक कोने में जलावन भी रखा गया है। प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार ने बताया कि विद्यालय भवन की कमी के कारण काफी परेशानी हो रही है। एक कमरे में दो से तीन वर्ग के बच्चों को बैठना पड़ रहा है। विद्यालय में नामांकित छात्रों में शत प्रतिशत बच्चे विद्यालय आते हैं। भवन के अभाव के कारण किसी तरह विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। साफ तौर पर कहा जाए तो यह विद्यालय संसाधन के अभाव में दंस झेल रहा है। एक ही कमरा में दर्जनों छात्रों को बैठाकर विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। छात्रा खुशबू कुमारी, अनु कुमारी प्रीति कुमारी ने बताया कि भवन की कमी के कारण काफी परेशानी होती है। इस विद्यालय में प्रभारी समेत चार शिक्षक हैं। इससे स्पष्ट है कि शिक्षक की भी कमी तो है ही साथ ही कमरे की कमी होने के कारण काफी दिक्कतें होती हैं।

### डीएम ने की शिक्षा विभाग समीक्षा बैठक

**औरंगाबाद।** शिक्षा विभाग की जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिला पदाधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। वेतन भुगतान की स्थिति उच्च न्यायालय में दायर सीडब्लूजेसी एवं एमजेसी की समीक्षा के बाद समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की संचालन की स्थिति, कंपोजिट ग्रांट के खर्च का ब्यौरा इत्यादि पर चर्चा किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा अधिस्थापित आईसीटी लैब, प्रीफैब संरचना की प्रगति को संतोषजनक बताया गया साथ ही, आकांक्षी जिला योजना के तहत हो रहे कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया गया।

# पर्यवेक्षण गृह में लगाएं गीजर, खराब सीसीटीवी को कराएं दुरुस्त: प्रधान जज




**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद किशोर न्याय परिषद की प्रधान दंडाधिकारी निवेदिता कुमारी ने परिषद के अन्य सदस्यों के साथ जहानाबाद पर्यवेक्षण गृह का औचक मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान दंडाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह में किशोर बंदियों के लिए बने कमरे व वार्डों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यवेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था को संतोषजनक बताया, वहीं पर्यवेक्षण गृह में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं रहने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधीक्षक को तुरंत नियमित रूप से साफ सफाई कराने का निर्देश दिया।

प्रधान दंडाधिकारी ने बताया कि पर्यवेक्षण गृह में कुल 26 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिसमें निरीक्षण के दौरान तीन खराब पाए गए हैं, जिन्हें दुरुस्त करने के लिए अधीक्षक को निर्देश दिया गया है। पिछले निरीक्षण के दौरान भी 03 कैमरे खराब पाए गए थे, जिसे अब तक दुरुस्त नहीं कराने पर हैरानी जताई। निरीक्षण के दौरान वार्ड की खिड़कियों में जाली नहीं पाए गए। डेंगू का खतरा देखते हुए अधीक्षक को जल्द से जल्द खिड़कियों में जाली लगाने का निर्देश दिया गया। पर्यवेक्षण गृह में मनोरंजन का साधन उपलब्ध नहीं रहने पर अधीक्षक को म्यूजिक रूम के साथ-साथ म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध कराने को कहा गया है। बच्चों के लिए पर्याप्त किताब उपलब्ध कराने को कहा गया।



# खुशखबरी... अब डुमरांव स्टेशन पर रुकेगी काशी-पटना जनशताब्दी

- 26 जनवरी से पहले सांसद अश्विनी चौबे ट्रेन हरी झंडी दिखा करेंगे रवाना
- मगध एक्सप्रेस का रघुनाथपुर में होगा ठहराव, सांसद ने की घोषणा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

यात्रियों की पुरजोर मांग के बदौलत रेलवे ने डुमरांववासियों को नये साल पर उपहार दिया है। गणतंत्र दिवस से पूर्व स्थानीय डुमरांव रेलवे स्टेशन पर काशी-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव होगा तो रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर मगध एक्सप्रेस रुकेगी। इसकी घोषणा केंद्रीय मंत्री सह सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने की। उन्होंने रेलमंत्री अश्विनी वैभव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संसदीय क्षेत्र डुमरांव में 15125/15126 काशी-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन व रघुनाथपुर में 20801/20802 इस्लामपुर-नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होगा, जिससे रेल यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। रेल सूत्रों के अनुसार ट्रेनों के रुकने की संभावित तिथि गणतंत्र दिवस से पूर्व की बतायी जाती है। इसकी घोषणा होते ही इलाके में खुशी की लहर दौड़ गयी। लोगों ने रेल मंत्री के साथ स्थानीय सांसद का आभार जताया। रेल यात्रियों का कहना है कि इन ट्रेनों के ठहराव होने से यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। लोग अब आसानी से पटना व बनारस तक की यात्रा कर सकेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता कतवारू सिंह ने बताया कि इन ट्रेनों के रुकने की संभावित तिथि गणतंत्र दिवस के पहले है, जहां सांसद श्री चौबे द्वारा ट्रेनों को हरी झंडी दिखाया जायेगा।




## वर्षों पुरानी मांग आज हुई पूरी, लोगों को मिलेगी राहत

खुशी व्यक्त करते हुए रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने कहा कि यह मांग विगत पांच वर्षों से चला आ रहा है लेकिन पिछले दो अक्टूबर को जनशताब्दी ट्रेन का करहिया हाल्ट पर हुए ठहराव से इसकी डुमरांव रेलवे स्टेशन पर ठहरने के लिए पुरजोर मांग होने लगी। आखिरकार इस ट्रेन का डुमरांव में भी ठहराव हुआ, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। खुशी व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता पवन श्रीवास्तव, सोनू राय, दीपक यादव, राजीव पाठक सहित अन्य शामिल है। बतादें कि डुमरांव शहर शाहाबाद का मुख्य केंद्र माना जाता है। डुमरांव रेलवे स्टेशन से असुविधाओं के बीच सैकड़ो यात्री प्रतिदिन बनारस और पटना की यात्रा करते है। दैनिक रेल यात्रियों, व्यवसायियों और समाजसेवियों ने जनशताब्दी के डुमरांव में ठहराव को लेकर रेल विभाग, सांसद के अलावे हर मौके पर अपनी मांग तेज कर थी।

## दियरांचल इलाके का मुख्य रेलवे स्टेशन है डुमरांव

डुमरांव रेलवे स्टेशन से अनुमंडल के सात प्रखंडों के यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचते है. सिमरी, डुमरांव, ब्रह्मपुर, राजपुर, जगदीशपुर के अलावे दियरांचल के सैकड़ो गांव के लोग ट्रेन से यात्रा करने के लिए डुमरांव स्टेशन पर पहुंचते है लेकिन दर्जनो ट्रेनें ऐसी है, जिनका ठहराव इस स्टेशन पर नहीं होने से उन्हें घंटो पहले घर से निकलना पड़ता है। इस स्टेशन पर दियरा इलाके के हजारों यात्री हर दिन अपने कामो को लेकर पटना व बनारस आना-जाना करते हैं। साथ ही शहर के व्यवसायी, सरकारी कर्मचारी के अलावे दर्जनों निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मी भी ट्रेनों के अभाव में बक्सर की दौड़ लगाकर अपनी यात्रा पूरी करते हैं।

## एक नजर

### मतविभाजन में अनुपस्थित रहे पंचायत समिति सदस्य, रद्द हुआ अविश्वास प्रस्ताव

**केसठ।** मंगलवार को केसठ प्रखंड में प्रमुख तथा उप प्रमुख के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मतविभाजन कराया जाना था। लेकिन निर्धारित समय तक एक भी पंचायत समिति सदस्य मत विभाजन में उपस्थित नहीं हुए। जिस कारण प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव रद्द कर दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि 9 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि निर्धारित की गई थी। इस संबंध में सभी पंचायत समिति सदस्यों को पत्र निर्गत कर उक्त तिथि को चर्चा के लिए बैठक आयोजित होने की जानकारी दी गई थी। लेकिन, सूचना के बावजूद चर्चा के लिए बैठक में एक भी सदस्य उपस्थित नहीं हुए। लिहाजा, नियमानुसार बुलाई गई बैठक में किसी सदस्य के उपस्थित नहीं होने पर अविश्वास प्रस्ताव नामंजूर कर दिया गया। वहीं, अधिनियम के अद्यतन प्रावधानों के अंतर्गत प्रमुख के शेष कार्य अवधि में दूसरा अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है। बता दें कि 30 दिसंबर को प्रखंड के कुल पांच में से तीन पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख पर योजनाओं की चयन व राशि वितरण में मनमानी सहित कई आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ को दिया था।

### ब्रह्मपुर में घर-घर जा विहिप कार्यकताओं ने पूजित अक्षत का किया वितरण, दिया निमंत्रण



**ब्रह्मपुर।** श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अभियान के तहत विश्व हिंदू परिषद ब्रह्मपुर इकाई ने मंगलवार को श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पूजित अक्षत का वितरण नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक घर जाकर किया। घर-घर जाकर विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ता अयोध्या से आए पूजित अक्षत के साथ ही भगवान श्रीराम के चित्र तथा 22 जनवरी को आयोध्या में हो रहे उनके मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में जाने का निमंत्रण भी दे रहे थे। इस दौरान कई जगहों पर विहिप कार्यकताओं का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया तथा भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के बाद मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन विहिप अध्यक्ष रास बिहारी सिंह के नेतृत्व में हुआ था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह पूरे सनातन धर्मावलंबियों के लिए गौरव का दिन होगा, जब हमारे श्रीराम लला फिर से आयोध्या में विराजेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी भाग्यशाली है जो अपने आंखों से भगवान श्रीराम के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा देखने जा रहे है। जबकि इस दिन को देखने की लालसा लिए हमारी कई पीढ़िया गुजर गई। उन्होंने कहा कि मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम काफी भव्य व वृहत पैमाने पर होने जा रहा है। जो इस कार्यक्रम में अयोध्या नहीं जा सकते है वे अपने घर या आस पास के मंदिरों में दीयें जला तथा श्रीराम नाम का संकीर्तन कर इसमें घर बैठे शामिल हो सकते है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने 22 जनवरी को अयोध्या जाने की बात कही है। मौके पर संयोजक हरेराम सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिवजी पांडेय, राजू पांडेय, नित्यानंद ओझा, संतोष मिश्र, महेश पाण्डेय, जियुत मुनी उपाध्याय, संत नाथ ओझा, मोनू शर्मा, शशि शेखर सिंह इत्यादि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने उमेश गुप्ता

**डुमरांव।** डुमरांव के सामाजिक कार्यकर्ता उमेश कुमार गुप्ता को रौनियार वैश्य महासभा का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं डुमरांव के ही पवन कुमार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य मनोनित किया गया है। इस मनोनयन के बाद डुमरांव के रौनियार वैश्य महासभा के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई है। राष्ट्रीय प्रवक्ता बने उमेश गुप्ता ने कहा कि उन्हें जो दायित्व मिला है, उसका बखूबी निवर्हन किया जाएगा।

# छात्रों के बीच मेन्यू के अनुसार समय से वितरित हो पौष्टिक भोजन: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डीएम अंशुल अग्रवाल ने डॉ० भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय में दीदी की रसोई का उद्घाटन किया। यह रसोई जीविका दीदियों के माध्यम से संचालित होगी। इस दौरान अपने उद्बोधन में डीएम ने इसके उदेश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस रसोई की शुरूआत इस आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को पढ़ाई के साथ पौष्टिक भोजन देने के लिए किया गया है। उन्होंने जीविका दीदियों को मेनू के अनुसार व समय से तथा पौष्टिक भोजन छात्रों को परोसने का निर्देश दिया और कहा कि लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। वही पहले दिन ही जीविका दीदियों द्वारा बनाए गए भोजन को खाकर बच्चे काफी खुश दिखे। डीएम ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं विद्यालय छात्रावास प्रबंधक को जीविका के साथ समन्वय रखते हुए सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने का निर्देश दिया। बता दें कि इस विद्यालय में कुल 286 बच्चें नामांकित है, जिन्हें इस योजना के तहत अब हर दिन पौष्टिक भोजन मिलेगा। इस अवसर पर डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय छात्रावास प्रबंधक, जीविका के डीपीएम, नॉन फार्म मैनेजर एवं जीविका दीदियां उपस्थित थी।

## चौसा के किसान आज काला दिवस मनायेंगे

**चौसा।** चौसा में निमार्णाधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पॉवर के निर्माण के दौरान अधिग्रिहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग पर हड़ताली किसानों का आंदोलन 450 वें दिन भी जारी रहा। प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा, चौसा (बक्सर) के बैनर तले पूरे दिन किसान मुरा बाबा स्थल के पास धरना पर बैठे रहे। धरने की अध्यक्षता इंटक के प्रदेश महासचिव रामप्रवेश सिंह यादव तथा संचालन शिवजी तिवारी ने किया। बुधवार को हड़ताली किसान हाथ पर काली पट्टी बांध विरोध मार्च निकालेंगे तथा काला दिवस मनाएंगे।

## शीतलहर के कारण स्कूलों का समय बदला

**बक्सर।** मौसम में आए बदलाव तथा बढ़ते ठंड के कारण तापमान में आई गिरावट एवं शीतलहर से बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए डीएम अंशुल अग्रवाल ने बुधवार से स्कूलों का संचालन सुबह 9.30 से शाम चार बजे तक करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश जिले के अंदर संचालित सभी निजी तथा सरकारी विद्यालयों, प्री स्कूल एवं आँगनबाड़ी केन्द्रों पर 13 जनवरी तक लागू रहेगा। हालांकि इस दौरान मिशन दक्ष एवं बोर्ड परीक्षा के तैयारी के मद्देनजर संचालित की जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

## हत्याकांड का हुआ खुलासा, आरोपी ही इस कांड का सूचक था

# संपति के लालच में पोता ने ही की थी दादा की हत्या, गिरफ्तार

- 15 अगस्त की रात कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव में दलान में सो रहे चंद्रमा यादव की हुई थी हत्या
- हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने पटना से आई थी फारेंसिक जांच टीम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव में 15 अगस्त 2023 की रात हुए 84 वर्षीय चंद्रमा यादव की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। उसकी हत्या संपति के लालच में उसके पोता तथा अनिकेत यादव पिता रविन्द्र यादव ने ही किया है। एसएफल टीम से मिले इनपुट तथा पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। खास यह कि आरोपी ही इस कांड का सूचक था। मंगलवार को डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त की रात चंद्रमा यादव अपने दलान में सो रहे थे। इसी दौरान अनिकेत ने खाट के टूटे हुए पाटी से अपने दादा के सर पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।

डीएसपी ने बताया कि मृतक के पास कुछ आभूषण तथा जमीन बिक्री के नगद रूपए थे, जिसे वह अपने दो पुत्रों तथा एक बेटी के बीच बराबर बांटना चाहते थे। इधर अनिकेत की नई नई शादी हुई थी तथा उसे पैसे की जरूरत थी। इसी दौरान उसे पता चला कि उसके दादा के पास मोटी रकम व आभूषण है। जबकि उसके पिता तथा चाचा सूरत के एक होजरी कंपनी में काम करते है। गांव पर वह अपने दादा के साथ रहता था। संपति की लालच में ही उसने अपने दादा की हत्या कर अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस की जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो गया।



### पीले रंग के गमछा तथा खून के छीटें ने खोला राज

चंद्रमा यादव के हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने पटना से फारेंसिक जांच टीम आई थी। उस टीम के हाथ घटना स्थल से एक पीला रंग का गमछा तथा कुछ अन्य साक्ष्य लगे थे, जिस पर खून के छीटें देख टीम उसे जांच के लिए अपने साथ ले गई थी। तब हत्याकांड के वादी और मृतक के पोता अनिकेत के गमछा और गंजी पर लगे खून के छीटें का मिलान मृतक के खून से किया गया तो जांच टीम की शक की सुई इसके पोता के उपर घुमने लगी। इधर गोपनीय सूत्रों ने भी पुलिस को बताया था कि अनिकेत ने ही अपने दादा की हत्या की है। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो वह टूट गया तथा परत दर परत मामले का राज खुलने लगा। अनिकेत ने अपना जुर्म कबूलते हुए बताया कि उसने संपति के लालच में खाट के पाटी से मार अपने दादा की हत्या की है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले के उद्भेदन में कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार तथा एएसआई अशोक कुमार ने सराहनीय भूमिका निभाई।

**क्या कहते हैं डीएसपी:** चंद्रमा यादव हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया गया है। इस कांड का सूचक तथा मृतक का पोता अनिकेत यादव ही उनका हत्यारा है, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**– अफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव**

# अनुमंडल लोक शिकायत के निर्देश के बाद रास्ते को कराया गया अतिक्रमणमुक्त

**केटी न्यूज/चौगाईं**

प्रखंड के फफदर गांव में लबे समय से सार्वजनिक रास्ते की जमीन पर घर बना अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारी के अवैध निर्माण को प्रशासनिक टीम ने ध्वस्त कर उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान बतौर मजिस्ट्रेट चौगाईं की प्रभारी सीओ अंकिता सिंह तथा पुलिस बल मौजूद रहे। बता दें कि फफदर गांव के ही गांधी पासवान ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण में परिवाद दायर कर आरोप लगाया था कि खाता संख्या 210, खेसरा 666 जो 0.33 एकड़ भूभाग है तथा यह आनाबाद बिहार सरकार सर्वसाधारण किस्म की जमीन है। जिसका उपयोग ग्रामीण सार्वजनिक रास्ते के तौर पर करते थे। इसी जमीन पर गांव की ही कौशल्या देवी ने अपना घर बना लिया है। अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी ने जांचोपरांत उक्त स्थल को अतिक्रमणमुक्त करा सार्वजनिक रास्ते को बहाल करने का निर्देश दिया था। जिसके आलोक में मंगलवार को डुमरांव की सीओ सह चौगाईं की प्रभारी सीओ अंकिता सिंह तथा मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में उक्त जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। इसके पहले अतिक्रमण करने वाली भूमिहीन कौशल्या देवी को जमीन देने का वादा प्रशासनिक टीम ने किया।



# वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज स्वास्थ्य कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**केटी न्यूज/नावानगर**

चार माह से वेतन का भुगतान नहीं होने से नाराज स्वास्थ्य कर्मियों ने मंगलवार को स्थानीय सीएचसी पर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही चिकित्सा प्रभारी पर भेदभाव बरतने जैसे आरोप लगाते हुए एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की। स्वास्थ्य कर्मियों के विरोध प्रदर्शन से सीएचसी में थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। बाद में स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी यूनियन के जिला महामंत्री आनंद सिंह की पहल के बाद स्वास्थ्य कर्मी शांत हुए। इधर प्रभारी के विरोध में उतरे स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि विगत चार माह से उन्हे वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते उनका घर-परिवार को चला पाना मुश्किल हो गया है। वही महामंत्री ने बताया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ . कमलेश कुमार ने शुक्रवार तक वेतन से वंचित कर्मियों को भुगतान कर देने का आश्वासन दिये है। बताया जाता है, कि मंगलवार को आयोजित स्पताहिक बैठक में जुटी एएनएम द्वारा वेतन भुगतान की मांग उठाई गई। जिसके जवाब में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने राशि उपलब्ध नहीं होने की बात बताई। जिसको लेकर एएनएम उग्र हो गई, और विरोध प्रदर्शन करने लगी। एएनएम के विरोध प्रदर्शन में सीएचसी के अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी शामिल हो गए। हंगामा कर रही एएनएम ने बताया कि विगत सितंबर माह से उन्हे वेतन नहीं मिला है। जबकि आधे लोगों को वेतन का भुगतान कर दिया गया है। स्वास्थ्य कर्मी ने चार माह से वेतन का भुगतान नहीं होने में चिकित्सा प्रभारी की लापरवाही बता रहे हैं।




## 11 जनवरी से भागलपुर के कहलगांव से शुरू होगी श्रीराम अभ्युदय यात्रा व श्रीराम आविर्भाव यात्रा

# अपने आसपास के मंदिरों को स्वच्छ बनाएं: अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/बक्सर**

केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि अयोध्या में रामलला के विराजमान होने से बिहार में विशेष उत्साह है। इसे उत्सव के रूप में श्रीराम कर्मभूमि न्यास सिद्धाश्रम बक्सर मनाने जा रहा है। भगवान श्रीराम की प्रथम कर्मभूमि बक्सर रहा है। मिथिलांचल में देवी सीता से उनकी शादी हुई थी। साथ ही भागलपुर अंग क्षेत्र से श्रृंगेरी ऋषि यज्ञ कराने अयोध्या गए थे। जिसके परिणाम स्वरूप भगवान श्रीराम का आविर्भाव हुआ था। इसे ध्यान में रखकर न्यास द्वारा श्रीराम अभ्युदय यात्रा व श्रीराम आविर्भाव यात्रा का शुभारंभ बिहार से किया जा रहा है, जो 13 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। 11 जनवरी को यह कहलगांव भागलपुर से शुरू होकर प्रमुख मंदिरों व नदियों से मिट्टी व जल लेकर बक्सर पहुंचेगी। इसमें भगवान श्रीराम जहां जहां बिहार में गए हैं, उन प्रमुख स्थानों पर जाएगी। साथ ही अयोध्या में 14 लाख रंगीन दीयों से पराक्रमी श्रीराम मंदिर परिसर को रोशन किया जाएगा, जो एक विश्व कीर्तिमान होगा। मंगलवार को रामरेखा घाट पर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि यात्रा नगर सहित पंचकोशी का भी भ्रमण करेगी। इसके पहले केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने रामेश्वरमनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके उपरांत रामरेखा घाट की सफाई की। उन्होंने कहा कि जहां स्वच्छता वहां ईश्वर का वास होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का आह्वान किया है। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला नए मंदिर में विराजमान होंगे। देश व विदेश में उत्सव का माहौल है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जनता से आह्वान किया कि आइए, अपने आसपास के मंदिरों को स्वच्छ करें व उत्सव मनाएं। इसके उपरांत उन्होंने बक्सर नगर में भ्रमण कर अक्षत के साथ लोगों को रामलला के अयोध्या में विराजमान होने का निमंत्रण पत्र देकर सभी से अपने घरों में 22 जनवरी को श्री राम ज्योति दीप जलाने का आग्रह किया।






# पीएम मातृ वंदना योजना के तहत सरकार दे रही 11 हजार रुपये का लाभ

- पहली लड़का या लड़की दोनों में से कोई एक होने पर मिलेगा 5 हजार रुपये
- दूसरी बार लड़की होने पर मिलेगा 6 हजार रुपये का लाभ

**केटी न्यूज/ मऊ**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० नन्द कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के नई गाइडलाइन के तहत गर्भवती एवं धातृ महिलाओं को पहली बार लड़का या लड़की दोनो मे से कोई एक होने पर पांच हजार रुपये का लाभ दो किस्तो में मिलेगा एवं दूसरी बार लड़की होने पर छह रुपये का लाभ एक मुश्त मिलेगा।

इस योजना का शत प्रतिशत पात्र लाभार्थियो को लाभ दिलाने के लिए सभी चिकित्सा अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए गए है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सह जिला नोडल अधिकारी डा० बीके यादव ने बताया की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए ब्लाकवार लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके तहत सभी पात्र लाभार्थियो को मातृ वंदना योजना का शत प्रतिशत लाभ दिलाये जाने हेतु प्रायः समीक्षा भी की जाती है। इस योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक लाभ मिलने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी गिरावट आई है। मातृ वंदना योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत लाभ पाने के लिए लाभार्थी अपने गाव या वार्ड के नजदीकी आशा कार्यकर्ती एवं एएनएम तथा नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम/बीसीपीएम से सम्पर्क कर आवेदन कर सकती है। लाभार्थी को इस योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थी के पास आधार कार्ड, एमसीपी शिशु टीकाकरण कार्ड एवं जन्मप्रमाण पत्र के साथ साथ निम्न 8 दस्तावेजों में कोई एक दस्तावेज आवश्यक है महिला के पास राशनकार्ड, आय प्रमाण पत्र,श्रम विभाग कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड,एस सी/एसटी प्रमाण पत्र, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती हो, किसान सम्मान निधि धारक हो या 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग हो आदि उक्त में से कोई एक दस्तावेज आवश्यक है। जिसके साथ लाभार्थी अपने नजदीकी आशा कार्यकर्ती एवं एएनएम से सम्पर्क कर आवेदन कर सकती है। इस योजना से गरीब परिवार को आर्थिक सहायता देने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि कन्या उनके लिए बोझ नहीं बने। बल्कि उसकी संतान की रहे। कन्याओं को भी आगे बढ़ने का पूरा अधिकार है। उनके अधिकार को छीना नहीं जा सकता है।

## खबरें फटाफट

### बिजली मीटर रीडर न करें लापरवाही

**चंदौली।** अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग विनोद चौधरी ने मंगलवार को मीटर रीडर व संविदा कर्मियों को निर्देश दिया कि बिजली बिल की रीडिंग में किसी प्रकार की शिकायत आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मीटर रीडर व संविदा कर्मी पूरी तन्मयता से अपने कार्य का संपादन करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निर्देश दिया कि उपभोक्ता जितना बिजली उपभोग कर रहे हैं। उसी के अनुसार बिजली का बिल आना चाहिए।इस दि एसडीओ विवेक मोहन, अपर अभियंता सुनील कुमार, राम सिंह उपस्थित रहे।

### एसडीएम को पत्र सौंप लगाई न्याय की गुहार

**चंदौली।** स्थानीय नगर पंचायत निवासी बेबी सिंह ने मंगलवार को ज्वांइट मजिस्ट्रेट हर्षिता सिंह को पत्रक सौंप न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान कहा कि सदर ब्लाक के पुरवां गांव में मेरी जमीन है। उक्त जमीन पर कतिपय लोग कब्जा करने की नियत से मड़ई व कोल्हू का पत्थर लगाकर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं। समस्या के बाबत कई बार संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया गया,, लेकिन कार्रवाई के नाम कुछ नहीं हुआ। वहीं एसडीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### आरपीएफ ने लौटाया युवक का गिटार

**चंदौली।** न सिर्फ रेलवे की संपत्ति की रक्षा और अपराधियों के हौसलों को पस्त करना बल्कि रेलवे सुरक्षा बल का काम उदास चेहरों पर मुस्कान लाना भी है। आरपीएफ ने अपनी कोशिश से एक संगीतकार से जुदा हुए गिटार को मिला कर यह साबित भी किया है। बीती रात को पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिला अंतर्गत रामबांध निवासी संगीतकार दीप दत्ता, वाराणसी रेलवे स्टेशन पर भूलवश कोलकाता एक्सप्रेस की जगह दुर्गियाना एक्सप्रेस में चढ़ गए और यह अहसास होने पर वह तो उतर गए लेकिन उनके संगीत के सपनो की उड़ान में उनका साथ निभाने वाला उनका साथी, उनका गिटार उसी ट्रेन में छूट गया। आरपीएफ ने युवक के गिटार को उसे वापस दिलाया।

### बिहार के दो युवक पहुंच रहे हैं अयोध्या

**बांसडीह।** पूरे विश्व की निगाह उत्तर प्रदेश के अयोध्या पर है। वजह कि श्रीराम जन्मदिन भूमि पर 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। वहीं बिहार राज्य के जमुई जिला से दो युवक लगभग 300 किमी की यात्रा कर बलिया के बांसडीह होते हुए अयोध्या 20 जनवरी को पहुंच जायेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को पूरे विश्व की निगाहें अयोध्या में श्रीराम लला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर होगी। जिस दिन का इंतजार था वो अब नजदीक आ रहा है।ऐसे में बिहार प्रदेश के जमुई जिले से दो युवक एक युवक 31 दिसम्बर और 1 युवक 1 जनवरी को दोनों दोस्त चल चुके हैं। इन्होंने तीन सौ किमी से ज्यादा दूरी तय कर लिया है।

## रसड़ा मार्ग पर माता-पिता की आंखों के सामने 15 दिन के मासूम ने तोड़ा दम

# ई-रिक्शा पलटने से मासूम की मौत

**केटी न्यूज/ बलिया**

रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग के नगहर गांव के समीप मंगलवार को दोपहर दिल दहला देने वाली घटना हुई। जब माता-पिता की आंखों के सामने ही 15 दिन के मासूम बच्चे की जान चली गई। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर गाजीपुर पीजी कालेज के समीप के रहने वाले अमित कुमार अपने ही ई-रिक्शा से अपनी पत्नी सोनी तथा अपने दो बच्चों को लेकर रसड़ा से गाजीपुर जा रहे थे तभी अचानक गड़ेरिया के पुरा पहुंचते ही उनका ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। ई-रिक्शा पलटते ही मां की गोद में सवार मासूम छूटकर सड़क पर गिर गया। इस दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। वहीं ई-रिक्शा में सवार दंपति और बच्चे भी घायल हो गये। घटना को देखकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। ग्रामीणों ने घायलों को रसड़ा अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पति-पत्नी रो-रोकर बेहाल हो गये। परिजन सात्वंना दे रहे थे। ई-रिक्शा चालकों की लापरवाही के कारण आए दिन वाहन के पलटने की घटना होती है।



### रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की टक्कर से किशोर की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**बलिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अमृतपाली रेलवे क्रासिंग पर सोमवार की देर रात ट्रेन से कटकर एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। इस हादसे की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने दोस्त से मिलने गया था तभी यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार शहर के राजपूत नेवरी निवासी संतोष प्रजापति का 16 वर्षीय पुत्र आशीष प्रजापति सोमवार की शाम अमृतपाली निवासी दोस्त आर्यन गुप्ता से मिलने गया था। अमृतपाली क्रासिंग पर बने अंडरपास के ऊपर ट्रेन की टक्कर से आशीष गंभीर रूप से घायल होकर छटपटाने लगा। आसपास के लोगों ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में कोतवाल संजय सिंह ने बताया अमृतपाली रेलवे अंडरपास के पास एक किशोर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

## ओवरलोडेड डम्फर की टक्कर से ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे

**केटी न्यूज/ चंदौली**

बलुआ थाना क्षेत्र के तिरगांवा पुलिस बैरियर के पास सैदपुर पक्का पुल पर मंगलवार को मोरंग बालू लादे ओवरलोडेड बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर को ओवर टेक करते समय गंगा बालू लादे ओवरलोडेड डंफर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ट्रैक्टर का परखच्चा उड़ गया और ट्राली रेलिंग की पाइप तोड़ उसी पर अड़ गयी। जिसमें दो लोग घायल हो गये और डंफर चालक मौके से फरार हो गया। मंगलवार को 400 फीट मोरंग बालू लादे बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर चहनियां से सैदपुर की तरफ जा रहा था कि पीछे से करीब 1000 फीट गंगा बालू लादकर तेज गति से सैदपुर पक्का पुल से जा रही डंफर गाड़ी पूल पर ही ओवर टेक करते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ 20 मीटर की दूरी पर जा गिरा और उसके उसका टायर, रीन, स्टेयरिंग, इंजन



का पता ही नहीं चल रहा था। ड्राइवर मनोज कुमार छिटक कर दूर जा गिरा और घायल हो गया। वहीं डंफर सामने से पूरी तरह पिचक गया था और उसमें बैठा कमलेश यादव बुरी तरह फंस गया था जिसे मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीरों ने केबिन तोड़कर बाहर निकाला और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया। जबकि डंफर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। इस दौरान मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गयी थी। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

## बार एसोसिएशन चुनाव की तैयारी, छह सदस्य नामित

**केटी न्यूज/ चंदौली**

डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन के साधारण सभा की बैठक मंगलवार को बार सभागार में हुई। इस दौरान वर्ष 2024-25 के वार्षिक चुनाव को लेकर बार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विचार विमर्श किया। साथ ही चुनाव समिति भी गठित की गई। सर्वसम्मति से छह सदस्यीय चुनाव समिति के छह सदस्यों का नाम नामित किया गया। जिसमें राजेंद्र प्रसाद पाठक, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए।

इसके अलावा रमाकांत सिंह, मोहम्मद शमशुद्दीन, आनंद कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, महेंद्र चतुर्वेदी को चुनाव समिति में शामिल किया गया। उक्त चुनाव समिति की वार्षिक चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराएगी। इस दौरान बार अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ने कहा कि यह बार केवल बार नहीं, बल्कि परिवार है जिसमें अधिवक्ता हितों के लिए सभी मिलकर संघर्ष करते हैं। इसकी पहचान संघर्ष से ही है। कहा कि डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन की प्राथमिकता वर्तमान में अधिवक्ताओं का हित है और भविष्य में भी यह हमारी प्राथमिकता बनी रहेगी। महामंत्री राज बहादुर सिंह ने कहा कि बार हमेशा पुराने पदाधिकारियों के सानिध्य और नए पदाधिकारियों के जोश के साथ निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। ताकि अधिवक्ताओं के मुद्दे व उनकी परेशानियों को उठाया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेंद प्रसाद पाठक ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी और चुनाव संबंधित कार्यक्रम की घोषणा करते हुए उसे सकुशल सम्पन्न कराने का पूरा प्रयास होगा। बार के पदाधिकारियों के बीच आपसी सद्भाव व समन्वय कायम रहे। इसके लिए हम सभी मिलकर प्रयास व पहल करेंगे। इस अवसर पर पंचानन पांडेय, रमाकांत सिंह, बजरंगी यादव, सुल्तान अहमद, संतोष सिंह, विद्याचरण सिंह, अमित सिंह दद्दू, धनंजय सिंह, भूपेंद्र सिंह, मणिशंकर राय, बबलू सिंह, झन्मेजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जाति प्रमाण निर्गत नहीं करने पर आगसा का 13 वें दिन भी धरना जारी

**केटी न्यूज/ बलिया**

पुलिस भर्ती आयी है गोंड-खरवार प्रमाण पत्र जारी करों...नारे के साथ मंगलवार को जनजाति गोंड, खरवार समुदाय के छात्रों का धरना-प्रदर्शन बलिया सदर मॉडल तहसील पर 13 वें दिन भी जारी रहा।

धरने को संबोधित करते हुए छात्र संघ के पूर्व महामंत्री रंजीत गोंड निहाल ने कहा कि उप्र पुलिस भर्ती में अनुसूचित जनजाति हेतु 1204 सीटें आरक्षित हैं। आवेदन की तिथि रोज एक-एक दिन बीताते जा रही है। पुलिस भर्ती के सैकड़ों गोंड, खरवार अपनी जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन इस आस में किए हुए है कि समय से उनका जाति प्रमाण-पत्र जारी हो जायेगा और वे पुलिस भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे।

इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदार गण को लिखित रूप में आदेश भी दिया गया है, लेकिन तहसील प्रशासन के धीमी रवैए के कारण अधिकांश गोंड, खरवार



नौजवान अब अधीर होते जा रहे है। कहाकि पुलिस भर्ती आवेदन की अन्तिम तिथि 16 जनवरी ही है। अभी तक बलिया सदर तहसील से मात्र दो ही जाति प्रमाण-पत्र जारी हुआ है। जबकि जनजाति गोंड, खरवार जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सैकड़ों ऑनलाइन आवेदन अभी भी लम्बित पड़े हुए हैं। उसे दूर करने का कोई प्रयास नहीं हो रहा है।

कुँवर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र नेता सचिन कुमार गोंड ने कहा कि यदि प्रमाण-पत्र सुगमतापूर्वक जारी होना प्रारम्भ नहीं हुआ तो आन्दोलन के अगले क्रम में सामूहिक संवैधानिक सत्याग्रह अनशन करने के लिए भी छात्र नौजवान बाध्य होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से सत्येन्द्र गोंड, राजेश गोंड, सुरेश शाह, संजय गोंड, ऋतिक शाह, राजा गोंड, आकाश गोंड, रवि गोंड, विष्णु गोंड, अशोक खरवार, रोहित गोंड, पंकज गोंड, लाल चन्द शाह, सूचित गोंड, विश्वेश्वर गोंड, राहुल खरवार, प्रमोद गोंड, विकास गोंड, धीरज, आनन्द गोंड, रोहित गोंड, मनीष गोंड, राकेश गोंड, चन्द्रशेखर खरवार आदि रहे।

## एफपीओ गठन में विधिसम्मत नियामक बिन्दुओं की अनुपलना पर विशेष बल देने की आवश्यकता ताकि किसानों को मिली लाभ

# किसान उत्पादक संघों की महत्ता को समझें, बढ़ाएं उत्पादन: डीएम

**केटी न्यूज/ चंदौली**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को बडौदा यू पी बैंक, चंदौली के क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में एवं नाबार्ड के तत्वावधान में एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर आर्गनाइजेशन) की कार्यशाला आयोजित की गई। किसान उत्पादक संघों की महत्ता पर बल देते हुए जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने एफपीओ की उपयोगिता, किसानों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में एफपीओ की भूमिका पर उपस्थित सहभागियों को अवगत कराते हुए



एफपीओ का भविष्य अति उज्जवल होने का विश्वास दिलाया। जिलाधिकारी ने एफपीओ गठन में विधिसम्मत नियामक बिन्दुओं की अनुपलना पर विशेष बल दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नाबार्ड के साथ मिलकर किसानों को आर्थिक मदद पहुंचाने का प्रयास करना है। ताकि किसान नई तकनीक का उपयोग कर सके। अपनी पैदावार क्षमता को बढ़ा सके। कार्यक्रम में तनुज कुमार सेन, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड ने कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य वर्णित करते हुए एफपीओ के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों को इस कार्यशाला के माध्यम से दूर करने का आश्वासन दिया। बडौदा यूपी बैंक चंदौली क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक पी के सिंह ने बैंक की तरफ से आश्वस्त किया कि एफपीओ को बैंक की शाखाओं से पूर्ण सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने हेतु पधारे कंपनी सेक्रेटरी सुमित सिंह ने उपस्थित सहभागियों से एफपीओ पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक, यूनियन बैंक आफ इंडिया, मनोज बरनवाल ,मुख्य प्रबंधक बी बी तिवारी एवं एसबीआई के मुख्य प्रबंधक निशांत, एफपीओ डीएस निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विभिन्न एफपीओ तथा शाखा प्रबंधक आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन अमोल कुमार अग्रवाल मुख्य प्रबंधक बडौदा यू पी बैंक ने किया।

## एक नजर

### होर्डिंग उतारते समय करंट लगने से बालक झुलसा

**बलिया।** एक तरफ जनपद को बाल श्रम मुक्त जनपद बनाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी तरफ कहीं और नहीं कलेक्ट्रेट गेट के सामने ही होर्डिंग उतारते समय बालक करंट की जद में आने से गंभीर रूप से झुलस जा रहा है। जी हां मंगलवार की सुबह कलेक्ट्रेट गेट के सामने होर्डिंग उतारते समय मंगलवार की सुबह एक बालक करंट की जद में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में आसपास मौजूद लोंगो ने उपचार हेतु उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है। बालक को बर्न वार्ड में भर्ती कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कलेक्ट्रेट गेट के सामने होर्डिंग उतारते समय आकाश उम्र 13 पुत्र स्वर्गीय संजय कुमार निवासी जापलिनगंज थाना कोतवाली हाई टेंशन तार के संस्पर्श में आ गया और करंट लगने गंभीर रूप से झुलस गया। अब सवाल यह उठता है कि वह कौन है जो होर्डिंग उतारने के लिए बालक का इस्तमाल कर रहे हैं। वहीं सवाल यह भी उठता है कि बालक से हादसा हो जाने के बावजूद जिला प्रशासन किस तरह हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। ऐसे में कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि बाल श्रम मुक्त जनपद बनाने को लेकर चलाए जा रहे तमाम अभियान सिर्फ हवा–हवाई है।

### महिला प्रधान से छेड़खानी करने वाला सचिव गिरफ्तार

**बिल्थरारोड।** एक गांव के महिला प्रधान संग छेड़खानी के मामले में आरोपी सचिव संजय कुमार को उंभाव पुलिस ने सियर ब्लाक परिसर से गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। सचिव के गिरफ्तार होने के बाद ब्लॉक परिसर में हड़कंप मच गया। बता दें कि जनवरी 2023 में गांव के सचिव ने प्रधान के घर में घुसकर न सिर्फ छेड़खानी किया। बल्कि विरोध करने पर मारपीट भी की। इस मामले में न्यायालय के निर्देश पर 156/3 के तहत उभाव पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपी सचिव को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस बाबत उभाव थानाध्यक्ष डीके श्रीवास्तव ने बताया कि सचिव संजय कुमार गांव की महिला प्रधान के साथ छेड़खानी मामले में आरोपी थे। जिन्हें न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया गया है।

### उचक्कों ने महिला के उड़ाये दो लाख रुपये

**चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के वीआईपी रेलवे गेट के सामने दोपहर दो बजे के लगभग महिला से दो लाख रुपए की उचक्का गिरी हो गई। झोले से पैसा गायब देख महिला भौचक रह गई। इस बाबत पीड़िता के पति संतोष पटेल पुत्र शिव जतन पटेल निवासी अलीनगर बिछड़ी थाना अलीनगर जनपद चंदौली ने घटना से संबंधित प्रार्थना पत्र मुगलासराय कोतवाली में दिया। घटना मंगलवार की दोपहर दो बजे ,पीड़िता शारदा देवी,पत्नी,भांजा आकाश पटेल तीनों लोग एसबीआई बैंक रेलवे स्टेशन ब्रांच से दो लाख रुपए लेकर थैले में लेकर घर जा रहे थे,बैंक से जैसे ही जीटी रोड रेलवे गेट नंबर दो के सामने राधे स्वीट हाउस तक जैसे ही पहुंचे , तभी लगा कि थैले में पैसा गायब है। थैले में नीचे देखा तो किसी उचक्के ने ब्लेड मारकर महिला के थैले से पैसा गायब कर दिया था। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया। घटना की जानकारी होते ही संतोष पटेल पुत्र शिव जतन पटेल ने तत्काल पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से जांच पड़ताल में जुटी है।

### पूर्व प्रधान सहित 30 ने ली बीजेपी की सदस्यता

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर क्षेत्र के देवा, धर्मागतपुर, ओडराई, नियाव, बद्धुपुर, छुतमा गांव में एमएलसी रामसूरत राजभर और लालगंज लोकसभा प्रभारी मुराहू राजभर ने देवा गांव स्थित पूर्व प्रधान शैलधारी राजभर के आवास पर पूर्व प्रधान सहित तीस लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उसके बाद बिजहरा प्रधान रामपूजन राजभर के आवास पर राजभर समाज के लोगों से मिलकर भाजपा के साथ रहने की अपील की। उसके बाद ओडराई प्रधान नमिता देवी के आवास पर लोगों से कुशल क्षेम जानें। शाम चार बजे धर्मागतपुर प्रधान मीरा राजभर के आवास पर जनसभा को संबोधित से पूर्व कार्यकर्ताओ ने मुख्य अतिथि को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सम्यक युवा मंच के अध्यक्ष अखिलेश मौर्य और प्रधान प्रतिनिधि संजय राजभर ने मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए। इस मौके पर गांव के हरेंद्र चौहान नेशनल धावक को ट्राफी और वस्त्र देकर मुख्य अतिथि एमएलसी रामसूरत राजभर ने की। इस मोके पर मुख्य अतिथि रामसूरत राजभर ने कहा कि जबसे देश में पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी के सरकार आई है। तब से लगातार गांव में विकास हुआ है। आने वाली लोकसभा चुनाव में सभी लोग कमल के फूल पर बटन दबाकर भाजपा के प्रत्याशी को जिताएं। उन्होंने कहा कि राजभर समाज का जितना विकास भाजपा में हुआ पूर्ववर्ती सरकार में नही हुए।इस मौके पर लालगंज लोकसभा प्रभारी मुराहू राजभर, प्रधान संजय राजभर, प्रधान काशीनाथ राजभर, प्रधान रामाश्रय राजभर, प्रधान, पूर्व प्रधान शैलधारी, प्रधान श्रीकेश गोड, प्रधान रामपूजन राजभर , राजभर, चंदन पाण्डेय, जयहिंद कुशवाहा, गुलाब कुशवाहा, राजू राजभर,भरत राजभर, मुंशी चौहान, रामलखन मौर्य, रविंद राजभर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

